अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में संभाग तृतीय के सभागार में दिनाँक 2 अप्रैल, 2016 को कम्प्यूटर विभाग के तत्वावधान में बी.सी.ए व बी.वॉक सॉफ्ट्रवेयर डेवलेपमेन्ट के विद्यार्थियों के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया. इस व्याख्यान में प्रमुख वक्ता के रुप में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के कम्प्यूटर विभाग के हैड व सीनियर प्रौफेसर डॉ0 एन.एस. गिल उपस्थित थे. यह व्याख्यान "नेक्सट जनरेशन कम्प्यूटिंग टैक्नोलोज़िस" के विषय पर आयोजित था. कम्प्यूटर विभाग के अध्यक्ष डॉ0 सचिन गर्ग ने मुख्य वक्ता को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया. उन्होंने अनेक नई क्म्प्यूटिंग टैक्नोलोज़िस के बारे मे अवगत कराया. जैसे क्लाउड कम्प्यूटिंग, फोग कम्प्यूटिंग, ओटोनोमिक कम्प्यूटिंग, परवेसिव कम्प्यूटिंग, स्मार्ट होम, साइबर सिक्योरिटी इत्यादि. इसी श्रंखला में उन्होंने इन तकनीकों के अलावा आई.ओ.टी., डब्लयू.ओ.टी. और डेटा सांईस से भी अवगत कराया. विद्यार्थियों ने इस व्याख्यान में बढ़चढ़कर भाग लिया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर कम्प्यूटर विभाग के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन व आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजित होना अति आवश्यक है. कार्यक्रम के अन्त में श्री विनीत नागपाल ने सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद किया. इस अवसर पर कम्प्यूटर विभाग के अन्य सदस्य मोहिनी वर्मा, तरुणा भाटिया, रीना किंगर व प्रीति गोयल उपस्थित थे.